Drishti IAS Presents...

# PT SPRINT 2024

# अंतर्राष्ट्रीय संबंध

(मार्च 2023 – मार्च 2024)

## Multiple Choice Questions and Answers

Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

**e-mail:** englishsupport@groupdrishti.com, **Website:** www.drishtiias.com

**Contact: Inquiry (English):** 8010440440, **Inquiry (Hindi):** 8750187501

# प्रश्न और उत्तर

1. **भारत-इंडोनेशिया संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इंडोनेशिया आसियान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।
   2. दोनों देश G20, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं।
   3. रामायण और महाभारत के महान महाकाव्यों की कथाएँ इंडोनेशियाई लोक कला तथा नाटकों का स्रोत बनी हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक

   B. केवल दो

   C. सभी तीन

   D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-इंडोनेशिया संबंध:**

- **वाणिज्यिक संबंध:**
  - **आसियान (ASEAN) क्षेत्र में इंडोनेशिया भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश** बनकर उभरा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - द्विपक्षीय व्यापार सत्र 06-2005 में 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर सत्र 23-2022 में 38.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।
- **राजनीतिक संबंध:**
  - दोनों देश **एशियाई और अफ्रीकी देशों की स्वतंत्रता के प्रमुख समर्थक** थे, जिसके कारण वर्ष **1955 का बांडुंग सम्मेलन** हुआ और **वर्ष 1961 में गुटनिरपेक्ष आंदोलन** की शुरुआत हुई।
  - वर्ष 1991 में भारत द्वारा '**लुक ईस्ट नीति** अपनाने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तेज़ी से विकास हुआ है।
  - दोनों देश **G20, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन** और **संयुक्त राष्ट्र** के सदस्य हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **सांस्कृतिक संबंध:**
  - **हिंदू, बौद्ध** और बाद में **मुस्लिम धर्मों** ने भारत के तटों से इंडोनेशिया की यात्रा की।
  - **रामायण और महाभारत** के महान महाकाव्यों की कथाएँ इंडोनेशियाई लोक कला तथा नाटकों का स्रोत बनी हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

2. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

   कथन-I: इज़रायल तथा जॉर्डन के बीच की सीमा को ब्लू लाइन के नाम से जाना जाता है।

   कथन-II: इज़रायल द्वारा दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना वापस बुलाने के बाद वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा ब्लू लाइन निर्धारित की गई थी।

   **उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

   A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

   B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।


   C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

   D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **"ब्लू लाइन"** उस सीमांकन रेखा को संदर्भित करती है जो **यरूशलेम शहर को दो भागों में विभाजित करती है** अर्थात् **पश्चिमी यरूशलेम** जो मुख्य रूप से यहूदी है और **पूर्वी यरूशलेम** जो मुख्य रूप से फिलिस्तीनी है। यह सीमांकन अस्थायी सीमा के रूप में इज़राइल और जॉर्डन के बीच वर्ष 1949 के युद्धविराम के उपरांत स्थापित किया गई थी।
- ब्लू लाइन कोई भौतिक सीमा नहीं है अपितु मानचित्र पर अंकित एक वैचारिक रेखा है जिसका उपयोग इज़रायल और जॉर्डन-नियंत्रित क्षेत्रों के बीच विभाजन को इंगित करने के लिये किया जाता है।
- **इज़रायल तथा लेबनान के बीच की सीमा** को **"ब्लू लाइन"** के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन I सही नहीं है।**
- इसे **वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित** किया गया था जब **इज़रायल ने दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना वापस** बुलाई थी। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।**




3. **अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

   1. इसमें केंद्र सरकार को उनके अनुरोध पर न्यायाधिकरण स्थापित करने से पूर्व संबंधित राज्यों के बीच परामर्श के माध्यम से एक अंतर-राज्य जल विवाद का समाधान करना होता है।
   2. अधिनियम में वर्ष 2002 के संशोधन में जल विवाद न्यायाधिकरणों की स्थापना के लिये एक वर्ष की समय सीमा और निर्णय देने के लिये तीन वर्ष की समय-सीमा शामिल की गई।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956:**

- **अंतर्राज्यीय जल विवाद (ISWD) अधिनियम, 1956:** यदि कोई विशेष राज्य अथवा राज्यों का समूह अधिकरण के गठन के लिये केंद्र से संपर्क करते हैं तो केंद्र सरकार को संबद्ध राज्यों के बीच परामर्श करके मामले को **हल करने का प्रयास करना चाहिये।** यदि यह काम नहीं करता है तो केंद्र सरकार इस **न्यायाधिकरण** का गठन कर सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकारिया आयोग की प्रमुख सिफारिशों को शामिल करने के लिये अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 को वर्ष 2002 में संशोधित किया गया था।
  - इन संशोधनों के बाद से जल विवाद न्यायाधिकरण की स्थापना के लिये **1 वर्ष की समय-सीमा** और निर्णय देने के लिये 3 वर्ष की समय-सीमा को अनिवार्य हो गया। **अतः कथन 2 सही है।**

4. **निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

   1. अर्जेंटीना
   2. ब्राज़ील
   3. पाकिस्तान

   **उपर्युक्त में से कितने केर्न्स ग्रुप के सदस्य हैं ?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **केर्न्स ग्रुप:**
  - **स्थापना:** वर्ष 1986 में केर्न्स, ऑस्ट्रेलिया में
  - **सदस्य देश:** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड सहित 19 कृषि निर्यातक देश।
    - **भारत केर्न्स ग्रुप का सदस्य नहीं है।**

- **स्थिति:** कृषि व्यापार के **उदारीकरण की वकालत** करते हैं, जिसका अर्थ है कि वे आम तौर पर टैरिफ, सब्सिडी और अन्य व्यापार बाधाओं को कम करने का समर्थन करते हैं **जो सीमाओं के पार कृषि उत्पादों के मुक्त प्रवाह में बाधा डालते हैं।** उनका मानना है कि इससे दक्षता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर सभी देशों को लाभ होगा।

- **अत: विकल्प C सही है।**

5. **भारत-संयुक्त अरब अमीरात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

   1. दोनों देशों ने डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्मों- UPI (भारत) और AANI (UAE) को आपस में जोड़ने पर समझौते पर हस्ताक्षर किये।
   2. भारत मार्ट का लक्ष्य दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में खुदरा, भंडारण और रसद सेवाओं को एकीकृत करना है, जिससे संभावित रूप से भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1

   B. केवल 2

   C. 1 और 2 दोनों

   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध:**

- दोनों देशों ने UPI (भारत) और AANI (UAE) जैसे **डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्मों को आपस में जोड़ने** पर समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इससे भारत और UAE के बीच सीमा पार लेन-देन की निर्बाध सुविधा मिलेगी जिससे वित्तीय कनेक्टिविटी तथा सहयोग बढ़ेगा।
- भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत मार्ट की आधारशिला रखी गई जो दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में **खुदरा, भंडारण और रसद सुविधाएँ** प्रदान करेगा। भारत मार्ट संभावित रूप से भारत के **सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्रों** को पश्चिम एशिया, खाड़ी, अफ्रीका तथा यूरेशिया में **अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों तक पहुँचाने हेतु एक मंच प्रदान करेगा** जो उनके निर्यात को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

6. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

   **कथन-I:** एशिया-प्रशांत SDG प्रगति रिपोर्ट विश्व बैंक के वार्षिक प्रमुख प्रकाशनों में से एक है।

   **कथन-II:** यह क्षेत्र में SDG प्रगति का एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है जो एशिया-प्रशांत हेतु संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (ESCAP) तथा उसके भागीदारों द्वारा संचालित कई अन्य गतिविधियों के लिये आधार के रूप में कार्य करता है।

   **उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

   A. कथन-I और कथन - II दोनों सही हैं तथा कथन- II, कथन-I की सही व्याख्या है।

   B. कथन-I और कथन - II दोनों सही हैं तथा कथन- II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

   C. कथन - I सही है किंतु कथन II गलत है।

   D. कथन - I गलत है किंतु कथन II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एशिया-प्रशांत सतत् विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals- SDG) प्रगति रिपोर्ट:**

- हाल ही में **एशिया-प्रशांत हेतु संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP)** ने **एशिया-प्रशांत SDG प्रगति रिपोर्ट**- 2024 प्रकाशित की।
- **एशिया और प्रशांत SDG प्रगति रिपोर्ट, संयुक्त राष्ट्र ESCAP** के वार्षिक प्रमुख प्रकाशनों में से एक है। **अत: कथन-I सही नहीं है।**
- यह क्षेत्र में SDG प्रगति का एक संक्षिप्त विवरण/समीक्षा प्रदान करती है जो ESCAP और उसके भागीदारों द्वारा संचालित कई अन्य गतिविधियों के लिये आधार के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन-II सही है।**
- यह SDG संकेतकों पर डेटा उपलब्धता बढ़ाने के लिये प्राथमिकताओं, विशेष रूप से सबसे कमज़ोर जनसंख्या समूहों को रेखांकित करती है, जो अधिक न्यायसंगत और समावेशी विकास रणनीतियों को आयाम देने में मदद कर सकती है।

अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

7. **निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

   1. अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला है जिसमें केवल अफगानिस्तान, पाकिस्तान और चीन सहित क्षेत्र के देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) शामिल होते हैं।

2. अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता में UNSCR 2593 के उद्देश्य का अनुसरण किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता** का आशय उच्च स्तरीय बैठकों की एक शृंखला से है जिसमें **अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईरान, चीन, रूस, भारत** और अन्य मध्य एशियाई राज्यों सहित संबद्ध क्षेत्र के देशों के **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA)** अथवा **वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी** शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता में **UNSCR 2593** के उद्देश्य का अनुसरण किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **15-सदस्यीय देशों (UNSC)** द्वारा पारित यह प्रस्ताव, **अफगान क्षेत्र** का किसी भी राष्ट्र के विरुद्ध खतरे उत्पन्न करने अथवा हमला शुरू करने के लिये इस्तेमाल होने से रोकने का आह्वान करता है।
  - सुरक्षा परिषद और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा प्रस्ताव का अंगीकरण करना अफगानिस्तान के संबंध में दृढ़ संकल्पों को प्रदर्शित करता है।

**8. भारत-भूटान संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भूटान भारत और चीन के बीच एक बफर राज्य के रूप में कार्य करता है।
2. भारत आयात स्रोत और निर्यात गंतव्य दोनों के रूप में भूटान का शीर्ष व्यापार भागीदार है।
3. मंगदेछू जलविद्युत परियोजना भारत और भूटान के बीच पहली संयुक्त उद्यम परियोजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-भूटान संबंध:**

- जटिल संबंधों वाले दो **एशियाई दिग्गज भारत और चीन के बीच** भूटान एक बफर राज्य के रूप में कार्य करता है। भूटान की रणनीतिक स्थिति भारत को उत्तर से संभावित खतरों के खिलाफ **अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान** करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत** आयात स्रोत और निर्यात गंतव्य दोनों के रूप में **भूटान का शीर्ष व्यापार भागीदार** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दोनों देशों ने पहली बार संयुक्त उद्यम परियोजना **600 मेगावाट खोलोंगछू जलविद्युत परियोजना** शुरू की। इस परियोजना का उद्देश्य भूटान के लिये अधिशेष जलविद्युत पैदा करना है जिसे भारत को निर्यात किया जाएगा, यह भूटान के राजस्व के साथ-साथ रोज़गार सृजन में भी मदद मिलेगी।
- **मंगदेछू जलविद्युत परियोजना (HEPP)** एक 720MW रन-ऑफ-रिवर पावर प्लांट है जो मध्य भूटान के **ट्रोंगसा दज़ोंगखाग ज़िले** में **मंगदेछू नदी** पर बनाया गया है। भारत सरकार ने इस परियोजना को **70% ऋण और 30% अनुदान के माध्यम** से वित्तपोषित किया। यह भारत और भूटान के बीच कोई संयुक्त उद्यम नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. युगांडा अल्प विकसित देशों (LDC) के लिये भारत की शुल्क-मुक्त टैरिफ वरीयता (DFTP) योजना का लाभार्थी है।
2. भारत और युगांडा के बीच वर्ष 2004 से दोहरा कराधान बचाव समझौता मौजूद है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- युगांडा **अल्प विकसित देशों (Least Developed Countries- LDC)** के लिये **भारत की शुल्क मुक्त प्रशुल्क वरीयता (Duty Free Tariff Preference- DFTP) योजना** का लाभार्थी रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **युगांडा को भारतीय निर्यात** की प्रमुख वस्तुओं में भेषजीय उत्पाद, वाहन, प्लास्टिक, कागज़ व पेपरबोर्ड, कार्बनिक रसायन इत्यादि शामिल हैं।
  - **युगांडा से भारत में आयात** की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में सब्ज़ियाँ तथा कुछ जड़ें व कंद, कॉफी, चाय, मेट एवं मसाले और कोको व कोको उत्पादन हेतु विधि शामिल हैं।

- भारत तथा युगांडा के बीच **दोहरा कराधान परिहार समझौता (Double Taxation Avoidance Agreement)** वर्ष 2004 से प्रभावी है। **अतः कथन 2 सही है।**

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और फ्राँस ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थायी समाधान के लिये एक भारत-प्रशांत त्रिपक्षीय विकास सहयोग कोष की स्थापना की है।
2. हाल ही में ओमान की खाड़ी में भारत, फ्राँस और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास का पहला संस्करण आयोजित किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत और फ्राँस:**

- भारत और फ्राँस सितंबर 2022 में एक इंडो-पैसिफिक त्रिपक्षीय विकास सहयोग कोष स्थापित करने पर सहमत हुए, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों के लिये स्थायी अभिनव समाधानों का समर्थन करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत, फ्राँस और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) समुद्री साझेदारी अभ्यास का पहला संस्करण 7 जून, 2023 को ओमान की खाड़ी में शुरू हुआ, जिसमें INS तरकश, फ्राँसीसी जहाज़ सुरकॉफ, फ्रेंच राफेल विमान और **UAE नौसेना के समुद्री गश्ती विमान** की भागीदारी थी। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान-प्रदान पर ज़ोर देता है और भारत, फ्राँस व संयुक्त अरब अमीरात के मध्य नौसैनिक सहयोग बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

**11. भारत-इटली संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दोनों देशों के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते का उद्देश्य अनियमित प्रवासन मुद्दों पर सहयोग बढ़ाना तथा पारस्परिक संबंधों को बढ़ावा देना है।
2. इटली यूरोपीय संघ में भारत के शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-इटली संबंध:**

- **प्रवासन और गतिशीलता समझौता:** यह समझौता भारत और इटली के बीच लोगों के संबंधों को प्रगाढ़ करते हुए **अनियमित प्रवासन से संबंधित मुद्दों पर सहयोग** को मज़बूत करने के लिये तैयार है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह **छात्रों, कुशल श्रमिकों, व्यावसायियों** और **युवा पेशेवरों** सहित विभिन्न वर्गों के लिये आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है, उनके बीच विनिमय तथा सहयोग को बढ़ावा देता है।
- इटली **यूरोपीय संघ** में भारत के **शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदारों** में से एक है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **वर्ष 23-2022 में** दोनों देशों के बीच **14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का द्विपक्षीय व्यापार किया गया।
    - इटली को भारतीय निर्यात की मुख्य वस्तुएँ **तैयार वस्त्र, चमड़ा, लौह अयस्क, मोटर वाहन, कपड़ा, रसायन, रत्न एवं आभूषण** हैं।

**12. भारत-म्याँमार संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. म्याँमार एकमात्र दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है जो पूर्वोत्तर भारत के साथ भूमि सीमा साझा करता है।
2. भारत के SAGAR विज़न के हिस्से के रूप में भारत ने म्याँमार के राखीन राज्य में मोंगला बंदरगाह विकसित किया।
3. मुक्त संचरण व्यवस्था (Free Movement Regime) भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर के निवासियों को बिना वीज़ा एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी. तक यात्रा करने में सक्षम बनाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-म्याँमार संबंध:**

- म्याँमार एकमात्र **दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है** जो पूर्वोत्तर भारत के साथ भूमि सीमा साझा करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- भारत के SAGAR विज़न के हिस्से के रूप में भारत ने **म्याँमार के राखीन राज्य में सित्तवे बंदरगाह** विकसित किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस बंदरगाह का विकास **चीनी सीमा वाले क्याउकप्यू बंदरगाह** (Kyaukpyu port) को लेकर भारत की एक ठोस प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा सकता है, जिससे **रखाइन** में चीन के भू-रणनीतिक पदचिह्न को मज़बूती मिलेगी।
- 2018 में लागू की गई **मुक्त संचरण व्यवस्था (Free Movement Regime- FMR)**, भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीज़ा एक-दूसरे के क्षेत्र में **16 किमी.** तक जाने की अनुमति देती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**13. भारत-मालदीव संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 8 डिग्री चैनल भारतीय मिनिकॉय (लक्षद्वीप द्वीप समूह का हिस्सा) को मालदीव से अलग करता है।
2. "एकुवेरिन", "दोस्ती", "एकथा" एवं "ऑपरेशन शील्ड" दोनों देशों के बीच कुछ संयुक्त अभ्यास हैं।
3. भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल ((MNDF) के लिये सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है, जो उनकी रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं का लगभग 70% पूरा करता है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-मालदीव संबंध:**

- **8 डिग्री चैनल** भारतीय **मिनिकॉय** (लक्षद्वीप द्वीप समूह का हिस्सा) **को मालदीव से अलग** करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रक्षा सहयोग संयुक्त अभ्यासों- **"एकुवेरिन", "दोस्ती", "एकथा" एवं "ऑपरेशन शील्ड" (2021 में शुरू) है। अत: कथन 2 सही है।**
- भारत मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (MNDF) के लिये सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है, जो उनकी रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं का लगभग %70 पूरा करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**14. फिलिस्तीन शरणार्थियों के कल्याण हेतु कार्य करने वाली 'संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी' (United Nations Relief and Works Agency-UNRWA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. UNRWA की स्थापना वर्ष 1975 में उन फ़िलिस्तीनियों को सहायता प्रदान करने के लिये की गई थी जो वर्ष 1973 के योमकिप्पुर युद्ध के दौरान विस्थापित हुए थे।
2. यह गाज़ा, इज़रायल के कब्ज़े वाले वेस्ट बैंक, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन में शिक्षा, स्वास्थ्य, राहत तथा आपातकालीन सहायता कार्यक्रम संचालित करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फिलिस्तीन शरणार्थियों के कल्याण हेतु कार्य करने वाली 'संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी' (United Nations Relief and Works Agency-UNRWA):**

- UNRWA की स्थापना **वर्ष 1949 में अरब-इज़रायल युद्ध-1948** के दौरान विस्थापित **फिलिस्तीनियों** को सहायता प्रदान करने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **गाज़ा, इज़रायल** द्वारा अधिग्रहित **वेस्ट बैंक, लेबनान, सीरिया** और **जॉर्डन** में **शिक्षा, स्वास्थ्य, राहत, सामाजिक सेवाएँ, माइक्रोफाइनेंस तथा आपातकालीन** सहायता कार्यक्रम पेश करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - एजेंसी द्वारा वर्तमान में लगभग **5.9 मिलियन फिलिस्तीनी शरणार्थियों** की सेवा प्रदान की जाती है और यह गाज़ा में फिलिस्तीनियों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**15. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. बुर्किना फासो
2. आइवरी कोस्ट
3. सिएरा लियोन

**उपर्युक्त में से कितने ECOWAS (पश्चिम अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय) के संस्थापक सदस्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ECOWAS (पश्चिम अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय):** यह एक क्षेत्रीय समूह है जिसका उद्देश्य पश्चिम अफ्रीकी उप-क्षेत्र के आर्थिक एकीकरण और साझा विकास को बढ़ावा देना है।
  - इसकी स्थापना **मई 1975** में **15 पश्चिम अफ्रीकी देशों द्वारा नाइजीरिया के लागोस में** की गई थी।
- **संस्थापक सदस्य:** बेनिन, बुर्किना फासो, आइवरी कोस्ट, गाम्बिया, घाना, गिनी, गिनी बिसाऊ, लाइबेरिया, माली, मॉरिटानिया, नाइजर, नाइजीरिया, सिएरा लियोन, सेनेगल और टोगो।
- **मुख्यालय: अबुजा, नाइजीरिया अत: विकल्प C सही है।**

**16. भारत-बांग्लादेश संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत अपने पड़ोसी देशों में बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी भूमि सीमा साझा करता है।
2. भारत और बांग्लादेश 50 से अधिक साझा नदियाँ साझा करते हैं।
3. भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-बांग्लादेश संबंध:**

- भारत और बांग्लादेश 4096.7 किमी. लंबी सीमा साझा करते हैं तथा यह भारत द्वारा अपने किसी भी पड़ोसी देश के साथ साझा की जाने वाली **सबसे लंबी भूमि सीमा** है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - असम, पश्चिम बंगाल, मिज़ोरम, मेघालय और त्रिपुरा की सीमा बांग्लादेश से लगती है।
- भारत और बांग्लादेश **54 साझा नदियों को साझा करते हैं** लेकिन अब तक केवल दो संधियों पर हस्ताक्षर किये गए हैं जिनमें गंगा जल संधि और कुशियारा नदी संधि शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदार** के रूप में उभरा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 21-2020 में 10.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2022-2021 में 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया।
  - **भारत भी बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार** है जिसका भारतीय बाज़ारों में निर्यात 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**17. भारत-नेपाल संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेपाल छह भारतीय राज्यों के साथ 1850 किमी. से अधिक की सीमा साझा करता है।
2. वर्ष 1950 की शांति और मित्रता की संधि भारत व नेपाल के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है।
3. भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **भारत-नेपाल संबंध:**
  - करीबी पड़ोसियों के रूप में भारत और नेपाल मित्रता एवं सहयोग के अनूठे संबंधों को साझा करते हैं, जिसकी विशेषता दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तेदारी तथा मज़बूत सांस्कृतिक संबंध है।
  - नेपाल **पाँच भारतीय राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड** के साथ 1850 किमी. से अधिक की सीमा साझा करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **वर्ष 1950 की शांति और मित्रता की भारत-नेपाल संधि** भारत एवं नेपाल के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार** तथा **विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत** है, इसके अतिरिक्त भारत नेपाल के तीसरे देश के साथ व्यापार के लिये पारगमन सुविधा प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**18. भारत और इटली के बीच प्रवासन और आवाजाही समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समझौते के तहत शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण के बाद इटली में पेशेवर अनुभव पाने के इच्छुक स्नातक 12 महीने तक के लिये अस्थायी निवास सुरक्षित कर सकते हैं।
2. यह समझौता 2023-2025 के लिये आरक्षित कोटा सीमा के साथ गैर-मौसमी तथा मौसमी भारतीय श्रमिकों के लिये कोटा की रूपरेखा तैयार करता है।

3. इतालवी सरकार की वार्षिक "फ्लो डिक्री" (डिक्रेटो फ्लुसी) गैर यूरोपीय संघ के नागरिकों की अधिकतम संख्या निर्धारित करती है जो काम और स्व-रोज़गार के लिये इटली में प्रवेश कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत और इटली के बीच प्रवासन और आवाजाही समझौता:**

- यह समझौता भारत और इटली के लोगों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करते हुए **अनियमित प्रवासन से संबंधित मुद्दों** पर सहयोग को मज़बूती प्रदान करेगा।
    - यह **छात्रों, कुशल श्रमिकों, व्यावसायियों और युवा पेशेवरों** सहित विभिन्न वर्गों को आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है, उनके बीच विनिमय तथा सहयोग को बढ़ावा देता है।
- **भारतीय छात्रों के लिये अस्थायी निवास:** इटली में शैक्षणिक/व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रारंभिक पेशेवर अनुभव हासिल करने के इच्छुक भारतीय विद्यार्थियों को **12 महीने तक** के लिये अस्थायी निवास की अनुमति दी जा सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **श्रमिकों के लिये आरक्षित कोटा:** समझौता **गैर-मौसमी और मौसमी भारतीय श्रमिकों** के लिये कोटे की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें मौजूदा फ्लो डिक्री के तहत वर्ष 2025-2023 में आरक्षित कोटा सीमा शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इतालवी सरकार की वार्षिक **"फ्लो डिक्री" (डिक्रेटो फ्लुसी)** गैर यूरोपीय संघ के नागरिकों की अधिकतम संख्या निर्धारित करती है जो काम और स्व-रोज़गार के लिये इटली में प्रवेश कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**19. सामान्य रिपोर्टिंग मानकों (CRS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह क्षेत्राधिकारों को अपने संस्थानों से प्राप्त वित्तीय जानकारी का वार्षिक रूप से आदान-प्रदान करने का आदेश देता है।
2. विश्व बैंक की सूचना का स्वचालित आदान-प्रदान (AEOI) भी CRS ढाँचे का एक हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सामान्य रिपोर्टिंग मानक (CRS):**

- **CRS को G20 के अनुरोध के जवाब में स्थापित किया गया था** और 15 जुलाई 2014 को OECD परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- **यह** क्षेत्राधिकारों को अपने संस्थानों से प्राप्त **वित्तीय जानकारी का** वार्षिक रूप से **आदान-प्रदान** करने का आदेश देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सेंट लूसिया (कैरेबियाई में एक द्वीप देश)** के **कर प्रशासन** को मज़बूत करने के लिये **सीमा विहीन कर निरीक्षक (Tax Inspectors Without Borders- TIWB) कार्यक्रम** में भारत की भागीदारी कर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- तकनीकी ज्ञान तथा कौशल को स्थानांतरित करके सेंट लूसिया के कर प्रशासन को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, विशेष रूप से **सामान्य रिपोर्टिंग मानक (CRS)** ढाँचे के तहत OECD के **सूचना के स्वतः आदान-प्रदान (Automatic Exchange of Information- AEOI)** के प्रभावी उपयोग पर ज़ोर दिया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**20. अरब लीग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मध्य पूर्व तक सीमित सभी अरब राज्यों का एक अंतर-सरकारी समग्र-अरब संगठन है।
2. इसका गठन अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल को अपनाने के बाद किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अरब लीग:**

- अरब लीग, जिसे **लीग ऑफ अरब स्टेट्स (LAS)** भी कहा जाता है, **मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका** के सभी अरब देशों का एक **अंतर-सरकारी समग्र-अरब संगठन (Pan-Arab Organisation)** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1944 में अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल को अपनाने के बाद **22 मार्च, 1945 को काहिरा, मिस्र में** इसका **गठन** किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

- **वर्तमान में इसमें 22 अरब देश शामिल हैं** जिसमें अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, जिबूती, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मॉरिटानिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यमन शामिल हैं।

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वालबार्ड संधि एकमात्र संधि है, जो आर्कटिक क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान को नियंत्रित करती है।
2. भारत स्वालबार्ड संधि का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।
3. हिमाद्रि आर्कटिक में भारत का पहला अनुसंधान आधार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत ने वर्ष **1920 में पेरिस में स्वालबार्ड संधि** पर हस्ताक्षर किये। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने **वर्ष 2008** से **आर्कटिक** में **हिमाद्रि** नामक एक अनुसंधान आधार संचालित किया है, जो **ज़्यादातर ग्रीष्मकाल (अप्रैल से अक्तूबर) के दौरान वैज्ञानिकों की मेज़बानी** करता रहा है।
- **अंटार्कटिका में दक्षिण गंगोत्री** की स्थापना **वर्ष 1983** में की गई थी। दक्षिण गंगोत्री वर्तमान में बर्फ आच्छादित हो गया है, हालाँकि **भारत के दो अन्य स्टेशन- मैत्री और भारती, उपयोग में हैं।**
- **आर्कटिक क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान** आर्कटिक देशों के व्यक्तिगत अधिकार क्षेत्र के अतिरिक्त **वर्ष 1920 की स्वालबार्ड संधि और समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन** जैसे **अंतर्राष्ट्रीय कानूनों द्वारा** शासित होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हाल ही में केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने आर्कटिक के लिये **भारत के पहले** शीतकालीन **वैज्ञानिक अभियान** को हरी झंडी दिखाई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**22. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. समृद्धि के लिये हिंद-प्रशांत आर्थिक संरचना (IPEF)
2. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)
3. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)

**उपर्युक्त में से कितने संगठनों में भारत और अमेरिका दोनों सदस्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:**
  - भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका **संयुक्त राष्ट्र**, **G-20**, **दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (ASEAN)**, **क्षेत्रीय मंच**, **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष**, **विश्व बैंक** और **विश्व व्यापार संगठन** सहित बहुपक्षीय संगठनों में निकटता से सहयोग करते हैं।
  - भारत, **हिंद-प्रशांत आर्थिक संरचना (IPEF)** पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ साझेदारी करने वाले बारह देशों में से एक है। **अतः विकल्प 1 सही है।**
  - भारत **हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)** का सदस्य है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका एक संवाद भागीदार है। **अतः विकल्प 2 सही नहीं है।**
  - वर्ष 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका भारत में मुख्यालय वाले अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हो गया और वर्ष 2022 में **यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID)** में शामिल हो गया। **अतः विकल्प 3 सही है।**

**23. पेरिस क्लब के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्वयं को एक ऐसे मंच के रूप में वर्णित करता है जहाँ आधिकारिक ऋणदाता देनदार देशों के सामने आने वाली भुगतान कठिनाइयों को हल करने के लिये मिलते हैं।
2. भारत इस क्लब का सक्रिय सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**


A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पेरिस क्लब ज़्यादातर **पश्चिमी कर्ज़दाता देशों का एक समूह** है, जिसकी उत्पत्ति **वर्ष 1956** में आयोजित बैठक से हुई है जिसमें **अर्जेंटीना पेरिस में अपने सार्वजनिक कर्ज़दाताओं से मिलने हेतु सहमत हुआ था।**
  - यह स्वयं को एक मंच के रूप में वर्णित करता है जहाँ लेनदार देशों द्वारा सामना की जाने वाली **भुगतान कठिनाइयों को हल करने हेतु** आधिकारिक कर्ज़दाता **बैठक करते हैं। अतः कथन 1 सही है।**

- **भारत पेरिस क्लब का सदस्य नहीं है. अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - **सदस्यों में शामिल हैं:** ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्राँस, जर्मनी, आयरलैंड, इज़रायल, जापान, नीदरलैंड, नॉर्वे, रूस, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य।



**24. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत की विदेश नीति का हिस्सा नहीं है ?**

1. गुजराल सिद्धांत
2. पंचशील
3. गुटनिरपेक्षता की नीति
4. अंतर्राष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. 1, 2, 3 और 4

D. कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **गुजराल सिद्धांत:**
    - यह तत्काल **पारस्परिकता की उम्मीद किये बिना पड़ोसी देशों को सहयोग** और समर्थन देने के एकतरफा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है।
    - यह सिद्धांत **शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को सुलझाने** और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में विश्वास कायम करने के महत्त्व पर ज़ोर देता है।
- **पंचशील:**
    - सिद्धांतों में **एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के लिये पारस्परिक सम्मान,** गैर-आक्रामकता, आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप, समानता और पारस्परिक लाभ एवं शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व शामिल हैं।
- **गुट निरपेक्षता की नीति:**
    - गुटनिरपेक्षता का तात्पर्य है कि **कोई देश विदेश नीति में स्वतंत्रता बनाए रखते हुए किसी भी प्रमुख शक्ति गुट या गठबंधन के साथ खुद को संरेखित नहीं करता है।**
    - लक्ष्य सैन्य गठबंधनों और प्रमुख शक्तियों के बीच संघर्षों में उलझने से बचकर संप्रभुता, शांति तथा विकास को बढ़ावा देना है।
- **अंतर्राष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान:**
    - यह सिद्धांत **युद्ध या आक्रामकता का सहारा लेने की जगह शांतिपूर्ण तरीकों से अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को हल करने पर** ज़ोर देता है। **अत: कथन 4 सही है।**
    - शांतिपूर्ण समाधान के तरीकों में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के माध्यम से **संवाद,मध्यस्थता और न्यायनिर्णयन शामिल हैं**। **अत: विकल्प D सही है।**

**25. केन्या के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है।
2. विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील, तुर्काना झील, ओमो-तुर्काना द्रोणी का हिस्सा है, जो चार देशों, इथियोपिया, केन्या, दक्षिण सूडान और युगांडा में फैली हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केन्या:**

- **केन्या** पूर्वी अफ्रीका में स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसका भू-भाग **हिंद महासागर** के निम्न तटीय मैदान से लेकर इसके मध्य में पहाड़ों और पठारों तक विस्तृत है।
- **हिंद महासागर** तथा **विक्टोरिया झील** के बीच केन्या की अवस्थिति का अर्थ यह है कि संपूर्ण **अफ्रीका** एवं **मध्य पूर्व** के लोग सदियों से इस पार यात्रा और व्यापार करते रहे हैं।
    - इसने कई जातीय समूहों एवं भाषाओं के साथ एक विविध संस्कृति का निर्माण किया है।
- अब तक पाए गए सबसे प्राचीनतम मानव में से एक की अस्थियाँ **केन्या की तुर्काना द्रोणी/बेसिन** में खोजी गई थीं।
    - **विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील, तुर्काना झील,** ओमो-तुर्काना द्रोणी का हिस्सा है, जो चार देशों, **इथियोपिया, केन्या, दक्षिण सूडान और युगांडा** में फैली हुई है। **अत: कथन 2 सही है।**

**26. संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों पर बाध्यकारी है।
2. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का प्राथमिक न्यायिक निकाय है।
3. संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 99 महासचिव को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिये संभावित खतरों के बारे में सुरक्षा परिषद् का ध्यान आकर्षित करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र का चार्टर**

- संयुक्त राष्ट्र का चार्टर संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक दस्तावेज़ है। इस पर 26 जून, 1945 को सैन फ्रांँसिस्को में हस्ताक्षर किये गए तथा यह 24 अक्तूबर, 1945 को लागू हुआ।
- T इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र चार्टर **अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक साधन** है और **संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश** इससे बँधे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ)**, संयुक्त राष्ट्र का प्राथमिक न्यायिक निकाय, अपने कानून द्वारा संचालित होता है, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अभिन्न अंग के रूप में संलग्न है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 99 संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अंतर्गत एक प्रावधान है जो संयुक्त राष्ट्र के संविधान के रूप में कार्य करता है।
  - यह महासचिव को **अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिये संभावित खतरों** के मामले में **सुरक्षा परिषद का ध्यान आकर्षित करने का अधिकार** प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**27. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सभी हस्ताक्षरकर्त्ताओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी है।
2. UDHR, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध (ICCPR) एवं बाल अधिकारों पर अभिसमय (CRC) के साथ अंतर्राष्ट्रीय अधिकारों के विधेयक का निर्माण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR):**

- वर्ष 1948 में स्थापित UDHR अपने आप में **कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि नहीं है।** हालाँकि इसके सिद्धांतों को व्यापक रूप से अपनाया गया है और कई देशों के कानूनी ढाँचे में एकीकृत किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- UDHR, **नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध** एवं इसके दो वैकल्पिक प्रोटोकॉल (शिकायत प्रक्रिया एवं मृत्युदंड पर) तथा **आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध** व इसके वैकल्पिक प्रोटोकॉल के साथ मिलकर तथाकथित मानवाधिकारों का अंतर्राष्ट्रीय विधेयक का निर्माण करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**28. भूटान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में इसने एक विशाल "अंतर्राष्ट्रीय शहर" बनाने की योजना की घोषणा की है जिसे गेलेफू परियोजना के नाम से जाना जाता है।
2. भूटान की सीमा चार भारतीय राज्यों- पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मणिपुर और असम के साथ लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में **भूटान** के राजा ने **असम के साथ अपनी सीमा** पर 1,000 वर्ग किमी. से अधिक क्षेत्र में एक विशाल **"अंतर्राष्ट्रीय शहर"** बनाने की योजना की घोषणा की है। इस परियोजना को गेलेफू परियोजना के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भूटान की सीमा चार भारतीय राज्यों- **पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम** और **अरुणाचल प्रदेश** के साथ लगती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**29. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. पोलैंड
2. चीन
3. भारत
4. कनाडा
5. डेनमार्क

**उपर्युक्त में से कितने आर्कटिक परिषद के सदस्य हैं?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. सभी पाँच

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **आर्कटिक परिषद के सदस्य:** ओटावा घोषणापत्र में **कनाडा**, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूसी संघ, स्वीडन तथा संयुक्त राज्य अमेरिका को आर्कटिक परिषद के सदस्य के रूप में घोषित किया गया है।
  - डेनमार्क ग्रीनलैंड और फरो द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करता है।
- **पर्यवेक्षक का दर्जा:** यह गैर-आर्कटिक देशों के साथ-साथ अंतर-सरकारी, अंतर-संसदीय, वैश्विक, क्षेत्रीय तथा गैर-सरकारी संगठनों के लिये खुला है, जिसे परिषद निर्धारित करती है कि वे इसके कार्य में योगदान दे सकते हैं। इसे प्रत्येक दो वर्ष में एक बार होने वाली मंत्रिस्तरीय बैठकों में परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाता है।
  - आर्कटिक परिषद का पर्यवेक्षक मुख्य रूप से कार्य समूहों के स्तर पर परिषद में अपनी भागीदारी के माध्यम से योगदान करते हैं।
  - पर्यवेक्षकों को परिषद में मतदान का कोई अधिकार नहीं है।
  - वर्ष 2022 तक तेरह गैर-आर्कटिक राज्यों को **पर्यवेक्षक का दर्जा** प्राप्त है।
    - जर्मनी, 1998
    - नीदरलैंड, 1998
    - **पोलैंड, 1998**
    - यूनाइटेड किंगडम, 1998
    - फ्राँस, 2000
    - स्पेन, 2006
    - **चीन, 2013**
    - **भारत, 2013**
    - इटली, 2013
    - जापान, 2013
    - दक्षिण कोरिया, 2013
    - सिंगापुर, 2013
    - स्विट्ज़रलैंड, 2017
- **अत: विकल्प A सही है।**

**30. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IMO की स्थापना वर्ष 1945 में सैन फ्राँसिस्को सम्मेलन के बाद हुई थी।
2. भारत ने इस संगठन के संस्थापक सदस्य राष्ट्र के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **IMO, संयुक्त राष्ट्र (UN)** की एक **विशेष एजेंसी** है जो शिपिंग/नौ-परिवहन को विनियमित करने और जहाज़ों से समुद्री प्रदूषण को रोकने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - **IMO की स्थापना** वर्ष **1948 में जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के बाद** हुई थी और यह वर्ष **1958 में अस्तित्व** में आया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत वर्ष 1959 में **IMO** में शामिल हुआ। भारत **IMO परिषद की श्रेणी B** में स्थान रखता है, जो **समुद्री मामलों के प्रति इसकी निरंतर प्रतिबद्धता** को उजागर करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**31. इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI) व्यापक मध्य पूर्व में गैर-नाटो देशों को नाटो के साथ सहयोग करने का मौका प्रदान करके वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देता है।
2. भारत, बहरीन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात वर्तमान में इस पहल में भाग लेते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI):**

- इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI) एक साझेदारी मंच है जिसका उद्देश्य व्यापक मध्य पूर्व क्षेत्र में गैर-नाटो देशों को नाटो के साथ सहयोग करने का अवसर प्रदान करके दीर्घकालिक वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा में योगदान करना है। अत: कथन 1 सही है।

- वर्तमान में **बहरीन, कुवैत, कतर** और **संयुक्त अरब अमीरात इस** पहल में भाग लेते हैं, भारत नहीं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- व्यापक मध्य पूर्व क्षेत्र में नाटो और साझेदार देशों के बीच द्विपक्षीय आधार पर सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिये इस्तांबुल में **वर्ष 2004 के नाटो शिखर सम्मेलन में इस्तांबुल सहयोग पहल** की शुरुआत की गई थी।
- वर्तमान में खाड़ी सहयोग परिषद में भाग लेने वाले चार देश- **बहरीन, कुवैत, कतर एवं संयुक्त अरब अमीरात (UAE)** इस पहल में शामिल हुए हैं, जबकि **ओमान और सऊदी अरब ICI ढाँचे के** भीतर चयनित गतिविधियों में भाग लेते हैं।
- **प्रारंभिक परामर्श खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्यों के साथ आयोजित किये गए थे,** लेकिन यह पहल मध्य पूर्व के उन सभी इच्छुक देशों के लिये खुली है जो ICI के उद्देश्यों और सिद्धांतों का समर्थन करते हैं।
- पहल के तहत **गतिविधियों में रक्षा योजना और बजट से लेकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई,** सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार को रोकना शामिल है।
- पहल **छह मुख्य सिद्धांतों की नींव पर आधारित** है: गैर-भेदभाव, आत्म-भेदभाव, दोतरफा जुड़ाव, गैर-अधिरोपण, विविधता और क्षेत्र में अन्य अंतरराष्ट्रीय पहलों की पूरकता।

**32. गोल्डन गेट घोषणा सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के लिये एक लचीला और टिकाऊ भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इसे हाल ही में निम्नलिखित में से किसके निष्कर्ष पर अपनाया गया था?**

A. भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद का 5वाँ संस्करण
B. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन 2023
C. 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (ADMM+)
D. 18वाँ पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में **एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) देशों का शिखर सम्मेलन 2023** संयुक्त राज्य अमेरिका के सैन फ्राँसिस्को में हुआ।
  - APEC 2023 शिखर सम्मेलन का विषय "**सभी के लिये एक लचीला और टिकाऊ भविष्य बनाना**" है।
- APEC ने मुक्त, निष्पक्ष और खुले व्यापार और निवेश तथा क्षेत्र में समावेशी एवं सतत् विकास को बढ़ावा देने के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।
- **शिखर सम्मेलन गोल्डन गेट घोषणा (Golden Gate Declaration) को अपनाने के साथ संपन्न हुआ।**
  - घोषणा सभी सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के लिये एक लचीला और टिकाऊ भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।
- **अतः विकल्प b सही है।**

**33. भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑस्ट्रेलिया और भारत ने 2020 में म्यूचुअल लॉजिस्टिक सपोर्ट अरेंजमेंट (MLSA) का समापन किया।
2. प्रमुख द्विपक्षीय अभ्यास, AUSINDEX के माध्यम से रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और भारतीय नौसेना के बीच काफी अधिक जुड़ाव देखा गया है।
3. हाल ही में दूसरी भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता नई दिल्ली में आयोजित की गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध:**

- **ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच आभासी शिखर सम्मेलन के दौरान** ऑस्ट्रेलिया और भारत ने 2020 में **म्यूचुअल लॉजिस्टिक सपोर्ट अरेंजमेंट (MLSA)** का समापन किया। यह समझौता परिष्कृत लॉजिस्टिक सहयोग की सुविधा प्रदान करता है, **तेज़ी से जटिल सैन्य भागीदारी को सक्षम बनाता है तथा क्षेत्रीय मानवीय आपदाओं के प्रति अधिक संयुक्त प्रतिक्रिया देता** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **प्रमुख द्विपक्षीय अभ्यास, AUSINDEX के** माध्यम से **रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और भारतीय नौसेना** के बीच काफी अधिक जुड़ाव देखा गया है। वर्ष 2019 में द्विवार्षिक अभ्यास के तीसरे संस्करण में ऑस्ट्रेलिया ने 1000 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई कर्मियों को भारत भेजा, जिसमें पाँच जहाज़, ऑस्ट्रेलियाई सेना और RAAF विमान शामिल थे। वर्ष 2021 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बाद के अभ्यास में भारत ने एक गतिविधि में भाग लेने के लिये दो जहाज़ भेजकर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसका दायरा ऑस्ट्रेलियाई COVID प्रतिबंधों के कारण कम हो गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **जून 2020 में ऑस्ट्रेलिया और भारत ने अपने सचिवों की 2+2 वार्ता (रक्षा और विदेश मामले) को मंत्री** स्तर तक उन्नत किया। व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर जुड़ने के लिये दोनों देशों के मंत्री नियमित रूप से मिलते हैं।

- हाल ही में **दूसरी भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता नई दिल्ली, भारत में आयोजित की गई,** जहाँ दोनों देशों के विदेश मंत्रियों तथा रक्षा मंत्रियों ने बैठक में भाग लिया। **अतः कथन 3 सही है।**

**34. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. वर्तमान में, 116 देशों ने ISA के पूर्ण सदस्य बनने के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं और आधिकारिक तौर पर इसकी अनुसमर्थन की है।
2. नई दिल्ली में ISA की छठी बैठक के दौरान, यह घोषणा की गई कि परियोजनाओं के लिये वाइअबिलटी गैप फंडिंग (VGF) को 10% से 35% तक बढ़ाया जाएगा।
3. ISA अपनी 'टुवाड्र्स 1000' रणनीति द्वारा निर्देशित है जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रत्येक देश में 1,000 मेगावाट ऊर्जा क्षमता की स्थापना करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

**अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA):**

हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance- ISA) की छठी असेंबली का आयोजन किया गया।**

- असेंबली में **परियोजनाओं के लिये वाइअबिलटी गैप फंडिंग (VGF)** में वृद्धि की घोषणा की गई, विशेष रूप से अफ्रीकी देशों में अधिक निवेश को बढ़ावा देने के लिये इसे **10% से बढ़ाकर 10% से 35% तक करने का निर्णय लिया गया। अतः कथन 2 सही है।**
- असेंबली के दौरान ISA द्वारा समर्थित चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। ये परियोजनाएँ हैं:
  - **मलावी गणराज्य के संसद भवन** का सौरीकरण।
  - **फिजी गणराज्य में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों** का सौरीकरण।

**अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA):**

- शुरुआत में **भारत और फ्रांस के संयुक्त प्रयास** के रूप में आईएसए के संकल्पना 2015 में **21वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP21) के दौरान की गई थी।**
  - वर्तमान में 116 देश हस्ताक्षरकर्त्ता हैं, जिनमें से 94 ने पूर्ण सदस्य बनने के लिये आवश्यक अनुसमर्थन पूरा कर लिया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ISA अपनी **'टुवाड्र्स 1000'** रणनीति द्वारा निर्देशित है, जिसका लक्ष्य वर्ष **2030** तक सौर ऊर्जा समाधानों में **1,000 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश जुटाना** है, जबकि स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का उपयोग करके 1,000 मिलियन लोगों तक ऊर्जा पहुँच प्रदान करना है तथा परिणामस्वरूप **1,000 गीगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता की स्थापना करना है।अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - इससे प्रत्येक वर्ष **1,000 मिलियन टन $CO_2$** के वैश्विक सौर उत्सर्जन को कम करने में सहायता मिलेगी।

**35. भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2018 से अमेरिकी नेताओं के साथ प्रत्येक वर्ष 2+2 बैठकें आयोजित की जाती रही हैं।
2. भारत और अमेरिका ने चार मूलभूत रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-अमेरिका संबंध:**

- वर्ष 2018 से अमेरिकी नेताओं के साथ **प्रत्येक वर्ष 2+2 बैठकें** आयोजित की जाती रही हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- 2+2 बैठकें दोनों देशों में से प्रत्येक के **दो उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों, विदेश एवं रक्षा विभागों** के मंत्रियों की भागीदारी का संकेत देती हैं, जिनका उद्देश्य उनके बीच बातचीत के दायरे को बढ़ाना है।
- पिछले कुछ वर्षों में, 2+2 प्रारूप में आयोजित संवादों सहित अपने भागीदारों के साथ रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों ने भारत के लिये **ठोस और दूरगामी परिणाम** उत्पन्न किये हैं।
- भारत और अमेरिका के बीच चार मूलभूत रक्षा समझौते हैं:
  - भू-स्थानिक जानकारी के लिये मूल विनिमय और सहयोग समझौता (**BECA**)।
  - सैन्य सूचना सामान्य सुरक्षा समझौता (GSOMIA)।
  - लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरैंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA)।
  - संचार संगतता और सुरक्षा समझौता (COMCASA)। **अतः कथन 2 सही है।**

**36. आसियान रक्षा मंत्रियों की मीटिंग-प्लस (ADMM-Plus) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ADMM-प्लस आसियान तथा उसके दस संवाद साझेदारों के लिये एक मंच है।

2. पहला ADMM-प्लस वर्ष 2007 में जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था।
3. ADMM आसियान में सर्वोच्च रक्षा सलाहकार तथा सहकारी तंत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ADMM-प्लस **आसियान (ASEAN)** (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड तथा वियतनाम) एवं इसके **आठ संवाद साझेदार** देशों ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस व संयुक्त राज्य अमेरिका (सामूहिक रूप से "प्लस देश/Plus Countries" के रूप में संदर्भित) का एक मंच है। इसका उद्देश्य संबद्ध क्षेत्र में शांति, स्थिरता तथा विकास के लिये **सुरक्षा एवं रक्षा सहयोग** को सशक्त करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2010 में **हनोई, वियतनाम** में प्रथम ADMM-प्लस का आयोजन हुआ। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ADMM आसियान में **सर्वोच्च रक्षा सलाहकार व सहकारी तंत्र** है। इसका उद्देश्य रक्षा तथा सुरक्षा में सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता को बढ़ाना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**37. वाशिंगटन संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) का आधार बनता है।
2. इस संधि पर 4 अप्रैल, 1949 को 12 संस्थापक सदस्यों द्वारा वाशिंगटन डी.सी. में हस्ताक्षर किये गए थे।
3. यह सामूहिक रक्षा संधि का मुख्य हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वाशिंगटन संधि या उत्तरी अटलांटिक संधि:**

- **वाशिंगटन संधि या उत्तरी अटलांटिक संधि - उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन** या नाटो का आधार है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस संधि पर 4 अप्रैल, 1949 को 12 संस्थापक सदस्यों द्वारा वाशिंगटन डी.सी. में हस्ताक्षर किये गए थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह संधि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के **अनुच्छेद 51 से अधिकार प्राप्त करती है,** जो स्वतंत्र राज्यों के व्यक्तिगत या सामूहिक रक्षा के अंतर्निहित अधिकार की पुष्टि करती है।
- **सामूहिक रक्षा संधि के केंद्र** में है और **अनुच्छेद 5** में निहित है। यह सदस्यों को एक-दूसरे की रक्षा करने के लिये प्रतिबद्ध करती है और गठबंधन के भीतर एकजुटता की भावना स्थापित करती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **यह सामूहिक रक्षा संधि का मुख्य हिस्सा है, इसमें केवल 14 अनुच्छेद हैं,** और यह सभी मोर्चों पर अंतर्निहित लचीलेपन का प्रावधान करती है।
- बदलते सुरक्षा परिवेश के बावजूद **मूल संधि को कभी भी संशोधित नहीं किया गया** है और प्रत्येक सहयोगी की अपनी क्षमताओं और परिस्थितियों के अनुसार प्रारूप को लागू करने की संभावना है।

**38. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका लक्ष्य संबद्ध क्षेत्र में शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता बनाए रखना है।
2. भारत और पाकिस्तान ने वर्ष 2017 में SCO की सदस्यता प्राप्त की।
3. मास्को में स्थित सचिवालय सूचनात्मक, विश्लेषणात्मक और संगठनात्मक सहायता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
- यह एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका लक्ष्य संबद्ध क्षेत्र में शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता बनाए रखना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत और पाकिस्तान ने 2017 में इसकी सदस्यता प्राप्त की। **अत: कथन 2 सही है।**
- बीजिंग स्थिति सचिवालय सूचनात्मक, विश्लेषणात्मक और संगठनात्मक सहायता प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**39. संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**

1. संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य शांति और सुरक्षा को सुविधाजनक बनाना, नागरिकों की रक्षा करना तथा स्थिर शासन संरचनाओं की बहाली का समर्थन करना है।
2. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) ने हैती में स्थिरता लाने और बढ़ती हिंसा को प्रबंधित करने के लिये केन्या के नेतृत्व में बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (MSS)को अधिकृत किया है।
3. हैती में वर्ष 2017 में संपन्न हुए पिछले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के विपरीत यह नया बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (Multinational Security Support-MSS) संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित नहीं किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य शांति और सुरक्षा को सुविधाजनक बनाना, नागरिकों की रक्षा करना एवं स्थिर शासन संरचनाओं की बहाली का समर्थन करना है। **अतःकथन 1 सही है।**
- यह अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त प्रयास में संयुक्त राष्ट्र महासभा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, सचिवालय, सेना एवं पुलिस योगदानकर्ताओं और मेज़बान सरकारों को संयुक्त करता है।
- हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (UNSC) ने हैती** में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने, महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे की रक्षा और बढ़ती हिंसा को नियंत्रित करने के लिये **केन्या** के नेतृत्व में **बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (MSS)** को मंज़ूरी दे दी है। **अतःकथन 2 सही है।**
- हैती में वर्ष 2017 में संपन्न हुए पिछले **संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन** के विपरीत यह नया **बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (Multinational Security Support- MSS) संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित नहीं किया जाएगा। अतःकथन 3सही है।**
- **केन्या ने** बहामास, जमैका और एंटीगुआ तथा बारबुडा जैसे अन्य देशों के समर्थन से, **बल का नेतृत्त्व करने के लिये स्वेच्छा से कार्य किया है।**

**40. ग्रुप ऑफ सेवन (G7) के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजियेः**

1. G7 एक वैश्विक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था।
2. G7 देश यूके, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, भारत और अमेरिका हैं।
3. G7 का सचिवालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में स्थित है और इसका अध्यक्ष पद सदस्य देशों के बीच दो वर्ष में स्थानांतरित होता रहता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**ग्रुप ऑफ सेवन (G7):**

- **परिचयः**
  - यह एक वैश्विक अंतर-सरकारी **संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था।**
  - वैश्विक आर्थिक प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये G7 देशों की वार्षिक बैठक होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सदस्य देशः**
  - G7 देश **यूके, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका** हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - सभी G7 देश और भारत G20 का हिस्सा हैं।
- **औपचारिक चार्टर/सचिवालयः**
  - **G7 के पास कोई औपचारिक चार्टर या सचिवालय नहीं है।** एजेंडा स्थापित करने का कार्य अध्यक्ष करता है, यह अध्यक्ष पद सदस्य देशों के बीच प्रत्येक वर्ष स्थानांतरित होता रहता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - शेरपा, मंत्री और दूत शिखर सम्मेलन से पहले नीतिगत पहलों की रूपरेखा तैयार करते हैं।

**41. भारत-मालदीव संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?**

1. ऑपरेशन नीर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने तख्तापलट की कोशिश को नाकाम करने में मालदीव सरकार की मदद की है।
2. ऑपरेशन कैक्टस के तहत भारत ने पेयजल संकट से निपटने के लिये मालदीव को पेयजल आपूर्ति की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न ही 1 न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ऑपरेशन कैक्टस 1988: ऑपरेशन कैक्टस** के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने तख्तापलट की कोशिश को नाकाम करने में मालदीव सरकार की मदद की है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **ऑपरेशन नीर 2014: ऑपरेशन नीर (Operation Neer)** के तहत भारत ने पेयजल संकट से निपटने के लिये मालदीव को पेयजल की आपूर्ति की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**42. इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर भारत की नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1972 में भारत ने इज़रायल के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित किये।
2. इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर भारत का आधिकारिक रुख टू-स्टेट सॉल्यूशन की वकालत करता है।
3. वर्ष 2017 में भारत ने पूरे यरूशलेम को इज़रायल की राजधानी घोषित करने के एकतरफा प्रयास के लिये अमेरिका और इज़रायल का समर्थन किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **वर्ष 1992 में** भारत ने एक बड़ा बदलाव को चिह्नित करते हुए **इज़रायल के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध** स्थापित किये। इसके बावजूद भारत ने फिलिस्तीनी मुद्दे को लेकर समर्थन जारी रखा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर भारत के आधिकारिक रुख में कोई परिवर्तन नहीं आया है, भारत ने **इज़रायल और फिलिस्तीन को अच्छे पड़ोसी देश के रूप में मानते हुए टू-स्टेट सॉल्यूशन** (इसका अर्थ है दो समुदायों के लोगों के लिये दो राज्यों की स्थापना करना, यानी यहूदी लोगों के लिये इज़रायल और फिलिस्तीनी लोगों के लिये फिलिस्तीन) की वकालत की है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2017 में **भारत** ने पूरे यरूशलम को इज़रायल की राजधानी घोषित करने के एकतरफा प्रयास के लिये अमेरिका और इज़रायल के **खिलाफ** मतदान किया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**43. राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1961 में ऑस्ट्रिया के वियना में न्यू हॉफबर्ग में आयोजित राजनयिक समागम और प्रतिरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा इस अभिसमय को स्वीकृत किया गया था।
2. यह वर्ष 1964 में लागू हुआ और सार्वभौमिक रूप से अनुमोदित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय:**

- **परिचय:**
  - **राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय (वर्ष 1961)** की स्थापना **मौलिक सिद्धांतों** और शर्तों **को परिभाषित करने के लिये** की गई है जो यह नियंत्रित करते हैं कि देशों को एक-दूसरे के राजनयिक प्रतिनिधियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिये।
    - **14 अप्रैल, 1961 को ऑस्ट्रिया के वियना में न्यू हॉफबर्ग में आयोजित राजनयिक समागम और प्रतिरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन** द्वारा इस अभिसमय को स्वीकृत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **24 अप्रैल, 1964 को लागू हुआ और लगभग सार्वभौमिक रूप से अनुमोदित है,** पलाऊ तथा दक्षिण सूडान इसके अपवाद हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसका उद्देश्य राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना और प्रभावी संचार एवं समन्वय बनाए रखना है।
  - वर्तमान में 193 देशों ने इस अभिसमय का अनुमोदन किया है।
    - भारत ने **राजनयिक संबंध (वियना अभिसमय) अधिनियम, 1972** के माध्यम से इसकी पुष्टि की।

**44. चीन-नेपाल संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेपाल ने चीन की वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI) में शामिल होने के चीन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।
2. नेपाल ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) में रुचि व्यक्त की है, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढाँचे की कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा में सुधार करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चीन-नेपाल संबंध:**

- नेपाल ने चीन की **वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI)** में शामिल होने के चीन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, इस बात का समर्थन करते हुए कि भारत, चीन और अमेरिका के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिये संयुक्त सुरक्षा नेपाल के हित में नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **नेपाल ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI)** में रुचि व्यक्त की है, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढाँचे की कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा में सुधार करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**45. फाइव आइज़ अलायंस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पाँच देशों का एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
2. इसकी उत्पत्ति वर्ष 1946 के UK-USA समझौते से हुई, जो सिग्नल इंटेलिजेंस (SIGINT) साझा करने के लिये एक सहकारी व्यवस्था थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **फाइव आइज़ अलायंस:**
  - फाइव आइज़ एक खुफिया गठबंधन है जिसमें **ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका** जैसे देश शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ये देश बहुपक्षीय **UK-USA समझौते** के पक्षकार हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिये एक संधि है। **अत: कथन 2 सही है।**

**46. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन दोनों का सदस्य है।
2. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की स्थापना वर्ष 2005 में आसियान के नेतृत्त्व वाली पहल के रूप में की गई थी।
3. भारत ने वर्ष 2023 में 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की मेज़बानी की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

हाल ही में **भारत के प्रधानमंत्री** ने **जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित 20वें दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN)-भारत शिखर सम्मेलन** और **18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS)** में भाग लिया। **अत: कथन 3 सही नही है।**

- **आसियान के सदस्य:** आसियान दस दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का एक संगठन है, ये राष्ट्र हैं- ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम। **भारत आसियान का सदस्य नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS):**
  - EAS की स्थापना वर्ष 2005 में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN) के नेतृत्व वाली पहल के रूप में की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
  - EAS **हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकमात्र नेतृत्वकर्ता मंच है जो रणनीतिक महत्त्व के राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों** पर चर्चा करने हेतु सभी प्रमुख भागीदारों को एक साथ लाता है।
  - पूर्वी एशिया समूह का विचार **पहली बार वर्ष 1991 में तत्कालीन मलेशियाई प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद ने प्रस्तावित** किया था।
  - इसका पहला शिखर सम्मेलन **14 दिसंबर, 2005 को कुआलालंपुर, मलेशिया** में आयोजित किया गया था।
  - **सदस्य:**
    - **EAS में 18 सदस्य शामिल हैं:** 10 आसियान देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) तथा आठ संवाद भागीदार (ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका)।

**47. क्वाड समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत-प्रशांत क्षेत्र के लिये समान दृष्टिकोण वाले चार देशों की एक अनौपचारिक चर्चा है।
2. क्वाड का विचार सबसे पहले वर्ष 2007 में जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने रखा था।
3. क्वाड चार लोकतंत्रों - भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान, का समूह है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **क्वाड भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान** के बीच एक अनौपचारिक रणनीतिक वार्ता है जो भारत-प्रशांत क्षेत्र में समान मूल्यों और हितों को साझा करता है। यह कोई औपचारिक गठबंधन, क्षेत्रीय संगठन या बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं या दायित्वों वाला बहुपक्षीय मंच नहीं है। यह आपसी चिंता और लाभ के विभिन्न मुद्दों पर सहयोग और परामर्श हेतु एक लचीला मंच है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्वाड का विचार **पहली बार वर्ष 2007** में जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे द्वारा प्रस्तुत किया गया था। हालाँकि, यह **वर्ष 2017 में** अस्तित्व में आया। **अतः कथन 2 सही है**।
- क्वाड चार लोकतंत्रों - भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का समूह है जिसका उद्देश्य **"स्वतंत्र, खुला और समृद्ध" इंडो-पैसिफिक क्षेत्र** सुनिश्चित करना तथा उसका समर्थन करना है।**अतः कथन 3 सही है।**

**48. 'अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिंगापुर ISA में शामिल होने वाला नवीनतम देश है।
2. संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) को पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान किया है।
3. ISA की असेंबली सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है जिसमें प्रत्येक सदस्य देश के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **94 देशों (ISA के सदस्यों) ने आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर** और पुष्टि की है, लेकिन कुल 116 देशों ने **ISA** फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं (सभी देश समझौते की पुष्टि नहीं करते हैं)।
  - सिंगापुर ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को मंज़ूरी दे दी है, जो जलवायु कार्रवाई पर सामूहिक प्रयासों में शामिल होने के निर्णय को दर्शाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को पर्यवेक्षक का दर्जा:**
  - संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) को पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह गठबंधन एवं संयुक्त राष्ट्र के बीच नियमित और अच्छी तरह से परिभाषित सहयोग प्रदान करने में मदद करेगा जिससे वैश्विक ऊर्जा वृद्धि एवं विकास को लाभ होगा।
- **ISA की असेंबली सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था** है जिसमें प्रत्येक सदस्य देश के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - असेंबली महानिदेशक के चयन, ISA उद्देश्यों की उपलब्धि, इसकी कार्यप्रणाली, परिचालन बजट की मंज़ूरी और बहुत कुछ जैसे महत्त्वपूर्ण मामलों पर विचार-विमर्श करती है।

**49. "हिंद-प्रशांत क्षेत्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस क्षेत्र में विश्व की आबादी का 75% और वैश्विक आर्थिक उत्पादन का 2/3 हिस्सा शामिल है।
2. अपने भौगोलिक विस्तार में यह भारत के तटों से लेकर अमेरिका के तटों तक विस्तृत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र:**

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के सबसे अधिक आबादी वाले और आर्थिक रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है जिसमें चार महाद्वीप शामिल हैं: **एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका।**

- इस क्षेत्र की गतिशीलता का काफी महत्त्व है, विश्व की %60 आबादी और वैश्विक आर्थिक उत्पादन के 3/2 हिस्से के साथ यह क्षेत्र वैश्विक आर्थिक केंद्र है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके भौगोलिक विस्तार के संबंध में अमेरिका इसे अफ्रीका के तटों से लेकर अमेरिका के तटों तक के क्षेत्र तक विस्तृत मानता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**50. भारत-चीन सीमा विवाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीन, अक्साई चिन को अपने शिनजियांग क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करता है, जबकि भारत इसे अपने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा मानता है।
2. भारत-चीन सीमा को तीन सेक्टरों में बाँटा गया है, पश्चिमी क्षेत्र में लद्दाख, मध्य क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड, पूर्वी क्षेत्र में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं।
3. वर्ष 1914 के शिमला समझौते ने तिब्बत और पूर्वोत्तर भारत के बीच सीमा का निर्धारण किया था तथा इस पर ब्रिटिश भारत, तिब्बत और चीन द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **चीन, अक्साई चिन** को अपने **शिनजियांग क्षेत्र** के हिस्से के रूप में दावा करता है, जबकि भारत इसे अपने **केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख का** हिस्सा मानता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत-चीन सीमा को तीन सेक्टरों में बाँटा गया है, **पश्चिमी क्षेत्र में लद्दाख, मध्य क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड, पूर्वी क्षेत्र में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल** हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष **1914 के शिमला समझौते** में **तिब्बत और पूर्वोत्तर भारत के बीच सीमा का निर्धारण** किया गया था और इस पर ब्रिटिश **भारत और तिब्बत द्वारा हस्ताक्षर** किये गए थे, **न कि चीनी अधिकारियों** द्वारा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**51. भारत-बांग्लादेश संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत बांग्लादेश को एक अलग तथा स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने वाला पहला देश था और दिसंबर 1971 में इसकी आजादी के तुरंत बाद देश के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये।
2. बांग्लादेश उपमहाद्वीप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और दोनों देशों ने जुलाई 2023 में रुपए में व्यापार लेनदेन शुरू किया है।
3. भारत और बांग्लादेश 4096.7 किमी. की सीमा साझा करते हैं। यह दूसरी सबसे लंबी भूमि सीमा है जो भारत अपने किसी भी पड़ोसी देश के साथ साझा करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - **बांग्लादेश को एक अलग और स्वतंत्र** राज्य के रूप में मान्यता देने वाला भारत **पहला देश** था तथा **दिसंबर 1971 में इसकी आज़ादी** के तुरंत बाद देश के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये। **अत: कथन 1 सही है।**
- **आर्थिक सहयोग:**
  - भारतीय उपमहाद्वीप में **बांग्लादेश** भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। **अप्रैल-नवंबर 2022 के दौरान भारत ने बांग्लादेश को 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया।**
  - **जुलाई 2023 में बांग्लादेश और भारत ने रुपए में व्यापारिक लेन-देन** शुरू किया, जिसका उद्देश्य **अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करना तथा क्षेत्रीय मुद्रा व व्यापार को मज़बूत** करना था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **रक्षा सहयोग:**
  - **भारत और बांग्लादेश 4096.7 किमी**. की सीमा साझा करते हैं। यह **भारत द्वारा अपने किसी भी पड़ोसी देश के साथ साझा की जाने वाली सबसे लंबी स्थलीय सीमा** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - असम, पश्चिम बंगाल, मिज़ोरम, मेघालय और त्रिपुरा की सीमा बांग्लादेश से लगती है।
  - दोनों देशों के बीच संयुक्त अभ्यास का भी आयोजन किया जाता है- सेना (**संप्रीति अभ्यास**) और नौसेना (**बोंगोसागर अभ्यास**)।

**52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बैंकॉक घोषणापत्र ने आसियान की स्थापना की और इसमें सदस्य देशों के बीच वर्णमाला क्रम में अध्यक्षता का वार्षिक रोटेशन शामिल है।

2. आसियान-भारत व्यापार परिषद (AIBC) निकट व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने और उद्योग परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के लिये आसियान और भारत की सरकारों द्वारा गठित एक संगठन है।
3. AITIGA समीक्षा का मुख्य एजेंडा आसियान-भारत माल व्यापार समझौते (AITIGA) की समीक्षा करना है, जिस पर मूल रूप से वर्ष 2022 में हस्ताक्षर किये गए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान):**

- **परिचय:**
  - यह एक **क्षेत्रीय समूह** है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को **बढ़ावा** देता है।
  - इसकी स्थापना **अगस्त 1967** में **बैंकॉक**, थाईलैंड में आसियान के संस्थापक सदस्यों अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी।
  - इसके सदस्य राज्यों के नामों (अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम) के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रतिवर्ष परिवर्तित होती रहती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - आसियान देशों में अनुमानित 666.19 मिलियन लोग रहते हैं तथा इनका समग्र सकल घरेलू उत्पाद (**Gross Domestic Product- GDP) 3.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** है।
  - अप्रैल -2021फरवरी 2022 की अवधि में भारत तथा आसियान देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार 98.39 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। भारत के मुख्य व्यापारिक संबंध वाले देशों में इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और थाईलैंड शामिल हैं।
- **आसियान-भारत व्यापार परिषद (AIBC):**
  - इन मंत्रियों ने **आसियान-भारत व्यापार परिषद** के साथ भी संवाद किया और वर्ष 2023 में AIBC द्वारा आयोजित की गई समस्त गतिविधियों को ध्यान में रखा जिनमें 6 मार्च, 2023 को कुआलालंपुर में आयोजित किया गया 5वाँ आसियान-भारत व्यापार शिखर सम्मेलन भी शामिल था।
  - AIBC वर्ष 2005 में आसियान और भारत की सरकारों द्वारा गठित एक संगठन है, जिसका उद्देश्य घनिष्ठ व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देना तथा आसियान व भारत के बीच आर्थिक संबंधों को व्यापक एवं गहरा करने के लिये **एक औद्योगिक परिप्रेक्ष्य प्रदान करना** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **AITIGA समीक्षा - एक प्रमुख एजेंडा:**
  - इस वर्ष की बैठक का एक महत्त्वपूर्ण बिंदु **आसियान-भारत माल व्यापार समझौते** (AITIGA) की गहन समीक्षा था, जिस पर मूल रूप से वर्ष 2009 में हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - चर्चा से पहले **AITIGA संयुक्त समिति की बैठक** हुई, **जिसमें** समीक्षा के रोडमैप पर **विचार-विमर्श किया गया।**
  - **इस प्रक्रिया के दौरान AITIGA समीक्षा वार्ता के लिये संदर्भ की शर्तों और कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया।**

**53. '15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस शिखर सम्मेलन का विषय "ब्रिक्स और अफ्रीका: पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, धारणीय विकास और समावेशी बहुपक्षवाद के लिये साझेदारी" है।
2. ब्रिक्स ने इस शिखर सम्मेलन में अपनी सदस्यता को पाँच से बढ़ाकर ग्यारह देशों तक बढ़ाया।
3. मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना के ब्रिक्स में शामिल होने से मध्य-पूर्व, अफ्रीका व दक्षिण अमेरिका में इस समूह का प्रतिनिधित्व बढ़ गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन** का विषय "**ब्रिक्स और अफ्रीका: पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, धारणीय विकास और समावेशी बहुपक्षवाद के लिये साझेदारी (BRICS and Africa: Partnership for Mutually Accelerated Growth, Sustainable Development and Inclusive Multilateralism)**" है। **अतः कथन 1 सही है।**

- ब्रिक्स ने इस शिखर सम्मेलन में अपनी सदस्यता को पाँच से बढ़ाकर ग्यारह देशों तक पहुँचाया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना** के ब्रिक्स में शामिल होने से मध्य-पूर्व, अफ्रीका व दक्षिण अमेरिका में इस समूह का प्रतिनिधित्व बढ़ गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**54. G-20 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. G-20 सुरक्षा मुद्दों का मंच नहीं है, बल्कि सुरक्षा चिंताओं से उत्पन्न होने वाले आर्थिक मुद्दों, जैसे यूक्रेन युद्ध का ईंधन, भोजन और उर्वरक की कीमतों पर प्रभाव के लिये एक मंच है।
2. रूस-यूक्रेन संघर्ष G-20 में भारत की प्राथमिकताओं में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

**G20:**

- ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G20-) की स्थापना वर्ष 1999 में **एशियाई वित्तीय संकट के बाद वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिये वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने हेतु** एक मंच के रूप में की गई थी।
- **G-20 सुरक्षा मुद्दों के लिये मंच नहीं है** बल्कि यह सुरक्षा चिंताओं से उत्पन्न आर्थिक मुद्दों के लिये मंच है जैसे- ईंधन, खाद्य और उर्वरक की कीमतों पर यूक्रेन युद्ध का प्रभाव। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत इस वर्ष G20- का नेतृत्व कर रहा है** और अफ्रीकी संघ को G20- में शामिल करने, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, लिंग-आधारित सशक्तीकरण और बहुपक्षीय विकास बैंकों के सुधार जैसी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है।
  - भारत का कहना है कि **G-20 में यूक्रेन संघर्ष उसकी प्राथमिकता नहीं है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**55. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत वर्ष 2005 से इसका संस्थापक सदस्य रहा है।
2. नवंबर 2019 में बैंकॉक में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत ने हिंद-प्रशांत महासागर पहल (IPOI) का अनावरण किया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
C. केवल 2
D. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन:**

- **परिचय:**
  - **EAS की शुरुआत वर्ष 2005 में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN)** के नेतृत्व वाली पहल के रूप में की गई थी।
  - EAS **इंडो-पैसिफिक में एकमात्र नेतृत्व वाला मंच है** जो रणनीतिक महत्त्व के राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करने हेतु सभी प्रमुख भागीदारों को एक साथ लाता है।
  - EAS **स्पष्टता, समावेशिता, अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान,** आसियान केंद्रीयता और प्रेरक शक्ति के रूप में आसियान की भूमिका के सिद्धांतों पर काम करता है।
  - पूर्वी एशिया समूह का विचार पहली बार **वर्ष 1991 में तत्कालीन मलेशियाई प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद द्वारा प्रस्तावित किया गया था।**
  - पहला शिखर सम्मेलन **14 दिसंबर, 2005 को कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित किया गया था।**
- **सदस्य:**
  - EAS में **18 सदस्य शामिल हैं: 10 आसियान देश** (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) तथा **आठ संवाद भागीदार** (ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका)।
  - **भारत वर्ष 2005 से इसका संस्थापक सदस्य** रहा है और इसकी सभी बैठकों और गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन:**
  - **वर्ष 2005 से भारत EAS का संस्थापक सदस्य** है तथा इसकी सभी बैठकों एवं गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेता रहा है।
  - भारत EAS को अपनी **एक्ट ईस्ट पॉलिसी** के विस्तार तथा आसियान और अन्य क्षेत्रीय देशों के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने के लिये एक महत्त्वपूर्ण मंच के रूप में देखता है।

- **नवंबर 2019** में बैंकॉक में आयोजित **पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन** में भारत ने **हिंद-प्रशांत महासागर पहल (IPOI)** का अनावरण किया था जिसका उद्देश्य एक सुरक्षित एवं स्थिर समुद्री कार्यक्षेत्र बनाने के लिये साझेदारी करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने आपदा प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद विरोधी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में EAS सहयोग में योगदान दिया है।

**56. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिषद में 15 सदस्य हैं: पाँच स्थायी सदस्य और दस गैर-स्थायी सदस्य दो वर्ष के कार्यकाल के लिये चुने जाते हैं।
2. मामलों पर परिषद के निर्णय स्थायी सदस्यों के सहमति वाले वोटों सहित नौ सदस्यों के सकारात्मक वोट द्वारा किये जाते हैं।
3. परिषद की अध्यक्षता प्रत्येक महीने इसके 5 स्थायी सदस्यों के बीच बदलती रहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC):**

- **परिचय:**
  - सुरक्षा परिषद की **स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा** की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के **छह प्रमुख अंगों में से एक** है।
  - इसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी **अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने** के लिये कार्य करना है।
  - परिषद का **मुख्यालय न्यूयॉर्क** में है।
- **सदस्य:**
  - इस परिषद में **कुल 15 सदस्य** हैं, जिसमे **पाँच स्थायी सदस्य होते हैं और दस गैर-स्थायी सदस्य दो वर्ष के कार्यकाल** के लिये चुने जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - प्रत्येक वर्ष यह महासभा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये पाँच गैर-स्थायी सदस्यों (कुल दस में से) का चुनाव करती है। **दस गैर-स्थायी सीटें क्षेत्रीय आधार पर निर्धारित** की जाती हैं।
  - इसकी **अध्यक्षता प्रत्येक महीने इसके 15 सदस्यों के बीच** बदलती रहती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **वोटिंग की शक्ति:**
  - सुरक्षा परिषद के प्रत्येक सदस्य का एक वोट होता है। **विभिन्न मामलों पर सुरक्षा परिषद के निर्णय** स्थायी सदस्यों के सहमति मतों सहित नौ सदस्यों के सकारात्मक वोट द्वारा किये जाते हैं। पाँच स्थायी सदस्यों में से किसी भी एक सदस्य के वोट **"नहीं" करने** से प्रस्ताव को **पारित नहीं** किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**57. बिम्सटेक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1985 में शीत युद्ध के दौरान हुई थी।
2. यह दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ने वाला एक अंतर्क्षेत्रीय संगठन है।
3. इसका मुख्य उद्देश्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग में सुधार करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

| सार्क | बिमस्टेक |
|---|---|
| 1. दक्षिण एशिया पर नज़र रखने वाला एक क्षेत्रीय संगठन।<br>2. शीतयुद्ध काल के दौरान वर्ष 1985 में स्थापित।<br>3. सदस्य देशों को अविश्वास और संदेह का खामियाजा भुगतना पड़ता है।<br>4. क्षेत्रीय राजनीति से पीड़ित।<br>5. असममित शक्ति संतुलन।<br>6. अंतर-क्षेत्रीय व्यापार केवल 5 प्रतिशत। | 1. दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ने वाला अंतर्क्षेत्रीय संगठन। अतः कथन 2 सही है।<br>2. शीत युद्ध के बाद वर्ष 1997 में स्थापित। अतः कथन 1 सही नहीं है।<br>3. सदस्य यथोचित मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखते हैं।<br>4. मुख्य उद्देश्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग में सुधार करना है। अतः कथन 3 सही है।<br>5. ब्लॉक में थाईलैंड और भारत की उपस्थिति के साथ शक्ति संतुलन।<br>6. एक दशक में अंतर-क्षेत्रीय व्यापार लगभग 6 प्रतिशत बढ़ गया है। |

**58. भारत-यूएई संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त अरब अमीरात वर्ष 2022-23 के लिये भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार तथा दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।
2. वर्ष 2022 में भारत पहला देश बन गया जिसके साथ संयुक्त अरब अमीरात ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
C. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-संयुक्त अरब अमीरात द्विपक्षीय संबंध:**




- **राजनयिक गठबंधन:**
  - भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने **वर्ष 1972 में राजनयिक संबंध स्थापित** किये।
  - द्विपक्षीय संबंधों में तब और अधिक वृद्धि हुई जब **अगस्त 2015 में भारत के प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा** ने दोनों देशों के बीच एक नई रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत की।
  - इसके अतिरिक्त जनवरी 2017 में **भारत के गणतंत्र दिवस समारोह** के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में **अबू धाबी के क्राउन प्रिंस** की भारत यात्रा के दौरान यह सहमति बनी कि **द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में उन्नत** किया जाएगा।
  - इससे **भारत-संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते** के लिये बातचीत शुरू करने में सफलता मिली।
- **द्विपक्षीय व्यापार:**
  - वर्ष 23-2022 में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। साथ ही **वर्ष 23-2022 में संयुक्त अरब अमीरात, भारत** का **तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य** बन गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है तथा वर्ष 2022 में संयुक्त अरब अमीरात कच्चे तेल का चौथा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता था।
  - **भारत** वर्ष 2022 में **संयुक्त अरब अमीरात के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश** बन गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
  - संयुक्त अरब अमीरात ने भारत में फूड पार्कों की एक श्रृंखला विकसित करने के लिये **2 बिलियन अमेरिकी डॉलर** देने का वादा किया है जो अपनी **अधिकांश खाद्य आवश्यकताओं का आयात** करता है।
  - अनेक भारतीय कंपनियों ने संयुक्त अरब अमीरात में सीमेंट, निर्माण सामग्री, कपड़ा, इंजीनियरिंग उत्पाद, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं आदि के लिये संयुक्त उद्यम के रूप में या **विशेष आर्थिक क्षेत्रों** में विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित की हैं।
    - इसके अतिरिक्त अनेक भारतीय कंपनियों ने पर्यटन, आतिथ्य, खानपान, स्वास्थ्य, खुदरा और शिक्षा क्षेत्रों में भी निवेश किया है।

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध हैं लेकिन वह इसे एक राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं देता है।
2. ताइवान ने भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (Taipei Economic and Cultural Centres TECC) खोले हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

मुंबई में TECC के साथ ताइवान ने भारत में उपस्थिति का विस्तार किया

हाल ही में, ताइवान ने भारत में, विशेष रूप से मुंबई में, अपना तीसरा प्रतिनिधि **ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (Taipei Economic and Cultural Centre TECC)** खोलने की योजना की घोषणा की है। **अतः कथन 2 सही है।**

- इस कदम, जिसमें TECC की स्थापना शामिल है, का उद्देश्य ताइवान और भारत के बीच **आर्थिक संबंधों को बढ़ाना और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है।**
- TECC की स्थापना वर्ष 1995 में दक्षिण एशिया में पहली TECC के रूप में नई दिल्ली, भारत में की गई थी। ताइवान ने बाद में वर्ष 2012 में चेन्नई में एक और TECC खोला।




**ताइवान के साथ भारत के संबंध:**

- **राजनयिक संबंध:**
  - भारत और ताइवान के बीच **औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं** लेकिन वर्ष 1995 से दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की राजधानियों में प्रतिनिधि कार्यालय को स्थापित किया हैं जो वास्तविक दूतावासों के रूप में कार्य करते हैं। भारत ने **"वन चाइना पॉलिसी"** का समर्थन किया है।**अतः कथन 1 सही है।**
- **आर्थिक संबंध:**
  - **वर्ष 2019 में व्यापार संबंध 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया**, जो वर्ष 2000 में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आसपास था।
  - **वर्ष 2018 में भारत और ताइवान ने द्विपक्षीय निवेश समझौते** पर हस्ताक्षर किये।
  - भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, निर्माण, पेट्रोकेमिकल्स, मशीन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में लगभग **200 ताइवानी कंपनियाँ कार्यरत** हैं।
  - ताइवान **भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र बनाने पर** सहयोग प्रदान करेगा।

**सांस्कृतिक संबंध:**

- वर्ष 2010 में उच्च शिक्षा में पारस्परिक डिग्री मान्यता समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद दोनों पक्षों ने शैक्षिक आदान-प्रदान का भी विस्तार किया है।

**60. निम्नलिखित में से किस देश में जेनिन शरणार्थी शिविर स्थित है जो वर्ष 1948 के अरब इज़रायली युद्ध के दौरान विस्थापित शरणार्थियों को समायोजित करने हेतु बनाया गया था?**

A. फिलिस्तीन
B. इज़रायल
C. इराक
D. लेबनान

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- **जेनिन शरणार्थी शिविर** एक **फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर** है जो **उत्तरी वेस्ट बैंक** विशेष रूप से जेनिन शहर में स्थित है। वर्ष 1953 में स्थापित यह शिविर वर्ष 1948 के अरब इज़रायली युद्ध, जिसे नकबा के नाम से भी जाना जाता है, के दौरान विस्थापित हुए फिलिस्तीनी शरणार्थियों को समायोजित करने हेतु बनाया गया था।

  **अतः विकल्प A सही है।**

**61. शंघाई सहयोग संगठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये (SCO):**

1. SCO समूह में अब चीन, भारत, ईरान, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान शामिल हैं।

A. SCO में सहयोग के लिये डिजिटल समावेशन मुख्य क्षेत्रों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- शंघाई सहयोग संगठन अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के साथ सहयोग पर केंद्रित है।
- भारत को वर्ष 2017 में अस्ताना शिखर सम्मेलन में SCO के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया था तथा क्रमिक अध्यक्षता के नियमानुसार वर्ष 2023 में भारत ने पहली बार इस समूह अध्यक्षता की।

- **SCO समूह में अब चीन, भारत, ईरान, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान शामिल हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने SCO में सहयोग के लिये पाँच नए स्तंभ और फोकस क्षेत्र बनाए हैं, जिनमें स्टार्टअप और इनोवेशन, पारंपरिक औषधि, युवा सशक्तीकरण, **डिजिटल समावेशन** तथा साझा बौद्ध विरासत शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

प्रश्न 1. भारत और वियतनाम निम्नलिखित में किससे संबद्ध हैं:

1. मेकांग-गंगा सहयोग (MGC)
2. G 20
3. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP)
4. पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन

**निम्नलिखित कूट में सही उत्तर चुनिये:**

A. 1 और 2

B. 2 और 3

C. 3 और 4

D. 1 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **मेकांग-गंगा सहयोग (MGC):**
  - MGC के सदस्यों के रूप में भारत और वियतनाम **भारत एवं दक्षिण पूर्व एशियाई देशों** के बीच संबंधों को बढ़ाने तथा विकास सहयोग को बढ़ावा देने के लिये काम कर रहे हैं।
- भारत और वियतनाम संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन के अतिरिक्त **आसियान, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, एशिया यूरोप बैठक (ASEM)** जैसे विभिन्न क्षेत्रीय मंचों पर निकटता से सहयोग करते हैं।
- **G20 के सदस्य हैं**
  - अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ्रॉंस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ।
  - **वियतनाम जी20 समूह का हिस्सा नहीं है।**
- **क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP)** एक **मुक्त व्यापार समझौता** है।
  - एशिया-प्रशांत देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, न्यूज़ीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। **भारत RCEP का हिस्सा नहीं है।**

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओपन RAN प्रणाली के विकास हेतु भारत और अमेरिका ने सार्वजनिक-निजी संयुक्त कार्य बल की स्थापना की है।
2. दोनों देशों के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रों को जोड़ने के लिये यूएस-इंडिया द्वारा इनोवेशन हैंडशेक लॉन्च किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी**

- **ओपन RAN प्रणाली के विकास और उसके उपयोग के साथ-साथ अत्याधुनिक दूरसंचार अनुसंधान तथा विकास हेतु भारत एवं अमेरिका द्वारा सार्वजनिक-निजी संयुक्त कार्य बल की स्थापना की गई है। अतः कथन 1 सही है।**
- **ओपन RAN, जिसे ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क के रूप में भी जाना जाता है, दूरसंचार में रेडियो एक्सेस नेटवर्क को डिज़ाइन और कार्यान्वित करने की एक अवधारणा व दृष्टिकोण है। इसका उद्देश्य हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर घटकों को अलग करके और बहु-विक्रेता एकीकरण को बढ़ावा देकर पारंपरिक RAN आर्किटेक्चर में अधिक खुलापन, लचीलापन एवं अंतर-संचालनीयता लाना है।**
- **इनोवेशन हैंडशेक: यूएस-इंडिया इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी** (iCET) का समर्थन करने हेतु **यूएस-इंडिया कमर्शियल डायलॉग** दोनों देशों के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रों को जोड़ने के लिये एक नया **"इनोवेशन हैंडशेक"** लॉन्च करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- **रक्षा साझेदारी:** भारत में **GE के F414 लड़ाकू विमान इंजनों के सह-उत्पादन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई है** जिससे अमेरिकी जेट इंजन प्रौद्योगिकी के और अधिक हस्तांतरण की सुविधा प्राप्त होगी।
  - **खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं में वृद्धि** करने के लिये **भारत जनरल एटॉमिक्स** से **सशस्त्र MQ9-B सी-गार्जियन UAV खरीदना** चाहता है।
  - भारतीय शिपयार्डों में **अमेरिकी नौसेना के जहाज़ों की देखभाल और मरम्मत के लिये** दोनों देशों के बीच हुए समझौते से घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

**63. भारत और नेपाल के बीच सहयोग के क्षेत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।
2. नेपाल पाँच भारतीय राज्यों - सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ सीमा साझा करता है।
3. संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण भारत और नेपाल में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत और नेपाल के बीच सहयोग के क्षेत्र:**

- **परिचय:**
  - करीबी पड़ोसियों के रूप में **भारत और नेपाल मित्रता एवं सहयोग के अनूठे संबंधों को साझा करते हैं,** जिसकी विशेषता एक खुली सीमा, दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तेदारी और मज़बूत सांस्कृतिक संबंध है।
  - वर्ष 1950 की शांति और मित्रता की भारत-नेपाल संधि भारत एवं नेपाल के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है।
  - नेपाल पाँच भारतीय राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1850 किमी. से अधिक की सीमा साझा करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - सीमा पार लोगों की मुक्त आवाजाही की लंबी परंपरा रही है।
  - **रक्षा सहयोग:**
  - द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में उपकरण और प्रशिक्षण के प्रावधान के माध्यम से **नेपाली सेना** को उसके आधुनिकीकरण में सहायता देना शामिल है।
  - '**भारत-नेपाल बटालियन-स्तरीय संयुक्त सैन्य अभ्यास** सूर्य किरण' भारत और नेपाल में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - साथ ही वर्तमान में नेपाल के लगभग 32,000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं।
- **आर्थिक सहयोग:**
  - **भारत, नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है। नेपाल, भारत का 11वाँ सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य भी है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 23-2022 में भारत ने **नेपाल को 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया, जबकि भारत का आयात 840 मिलियन अमेरिकी डॉलर** का था।
  - भारतीय कंपनियाँ नेपाल में सबसे बड़े निवेशकों में से हैं, जो कुल स्वीकृत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश **के %30 से अधिक की हिस्सेदारी रखती हैं।**

**64. भारत और अमेरिका के बीच संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज़ (iCET) पर पहल का संचालन दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा किया जा रहा है।

A. अमेरिका वर्ष 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अमेरिका के साथ भारत के संबंध:**

- **iCET:**
  - iCET की घोषणा भारत और अमेरिका द्वारा मई 2022 में की गई थी तथा इसे **आधिकारिक तौर पर जनवरी 2023 में लॉन्च** किया गया था। इसका संचालन दोनों देशों की **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद** द्वारा किया जा रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - iCET के तहत दोनों देशों ने सहयोग हेतु छह क्षेत्रों की पहचान की है जिसमें सह-विकास और सह-उत्पादन शामिल होगा, **जिसे धीरे-धीरे क्वाड, फिर नाटो, यूरोप और शेष विश्व में विस्तारित** किया जाएगा।
  - iCET के तहत अमेरिका के साथ **भारत अपनी प्रमुख तकनीकों को साझा** करने के लिये तैयार है और उम्मीद करता है कि वाशिंगटन भी ऐसा ही करेगा।
  - इसका उद्देश्य **AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और वायरलेस दूरसंचार** सहित महत्त्वपूर्ण एवं उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।
- **आर्थिक संबंध:**
  - दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों के परिणामस्वरूप **वर्ष 23-2022 में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार** बनकर उभरा है। **अत: कथन 2 सही है।**

- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:**
  - संयुक्त राष्ट्र, G20-, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान), क्षेत्रीय फोरम, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन सहित बहुपक्षीय संगठनों में भारत एवं संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों देश मज़बूत सहयोगी हैं।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 2021 में दो वर्ष के कार्यकाल के लिये भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल करने का स्वागत किया। इसके अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का समर्थन किया जिसमें भारत एक स्थायी सदस्य के रूप में शामिल है।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत ने एक मुक्त तथा स्वतंत्र भारत-प्रशांत सहयोग को बढ़ावा देने एवं क्षेत्र को उचित लाभ प्रदान करने के लिये ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ **क्वाड समूह का गठन** किया है।
  - भारत, **समृद्धि के लिये हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF)** पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ साझेदारी करने वाले बारह देशों में से एक है।
  - भारत **इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (IORA)** का सदस्य है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका एक संवाद भागीदार है।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका वर्ष 2021 में **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन** में शामिल हो गया जिसका मुख्यालय भारत में है और यह वर्ष 2022 में **यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) में** भी शामिल हुआ।

**65. सिंगापुर के साथ भारत के संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिंगापुर, आसियान में भारत के सबसे बड़े निवेश और व्यापारिक भागीदारों में से एक है।
2. भारत और सिंगापुर के मध्य वर्ष 2023 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) पर हस्ताक्षर किये गए थे।
3. इन दोनों देशों के बीच होने वाला सैन्य अभ्यास बोल्ड कुरुक्षेत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सिंगापुर के साथ भारत के संबंध:**

- **पृष्ठभूमि:**
  - **भारत और सिंगापुर** के बीच घनिष्ठ संबंधों का इतिहास है जो एक सहस्राब्दी के मज़बूत वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में निहित है।
  - आधुनिक संबंधों का श्रेय सर स्टैमफोर्ड रैफल्स को दिया जाता है, जिन्होंने वर्ष 1819 में **मलक्का जलडमरूमध्य** के मार्ग पर सिंगापुर में एक व्यापारिक केंद्र की स्थापना की, जो बाद में एक क्राउन कॉलोनी बन गई और वर्ष 1867 तक कोलकाता से शासित हुआ।
    - **स्वतंत्रता के बाद भारत, वर्ष 1965 में सिंगापुर को मान्यता देने वाले** पहले देशों में से एक था।
- **व्यापार और आर्थिक सहयोग:**
  - **सिंगापुर, आसियान में भारत के सबसे बड़े व्यापार और निवेश भागीदारों में से एक है** तथा वर्ष 22-2021 में यह आसियान के साथ भारत के कुल व्यापार का %27.3 था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - सिंगापुर, भारत में **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** का भी प्रमुख स्रोत है। पिछले 20 वर्षों में सिंगापुर से भारत में किया गया कुल निवेश लगभग 136.653 बिलियन डॉलर है और यह **कुल FDI प्रवाह का लगभग %23** है।
  - **भारत और सिंगापुर के मध्य वर्ष 2005** में **व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA)** पर हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - भारत और सिंगापुर ने व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिये **भारत-सिंगापुर बिज़नेस फोरम तथा भारत-सिंगापुर सीईओ फोरम** जैसी कई पहलों पर भी सहयोग किया है।
  - हाल ही में भारत के **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)** और सिंगापुर के PayNow को **फरवरी 2023 में दोनों देशों के बीच तेज़ी से प्रेषण को सक्षम करने के लिये एकीकृत** किया गया है।
- **रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग:**
  - दोनों देश **हिंद-प्रशांत क्षेत्र** में क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएँ साझा करते हैं।
    - वर्ष 2015 में राजनयिक संबंधों की स्थापना की **50वीं वर्षगाँठ के अवसर पर** उन्होंने **अपने संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी के रूप में उन्नत** किया।
  - उन्होंने **रक्षा सहयोग समझौता- 2003** और **नौसेना सहयोग समझौता- 2017**, जैसे अपने रक्षा संबंधों को मज़बूत करने के लिये कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।
    - **सैन्य अभ्यास:**
- नौसेना: **SIMBEX**
- वायु सेना: **SINDEX**
- थल सेना: **बोल्ड कुरुक्षेत्र**
- **अतः कथन 3 सही है।**

**66. शिखर सम्मेलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**

1. मई 2023 में जापान के नागासाकी में 49वाँ G7 वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था।
A. यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने के बाद वर्ष 2022 में रूस को G8 समूह से निष्कासित कर दिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- 49वाँ G7 वार्षिक शिखर सम्मेलन मई 2023 में **हिरोशिमा, जापान** में आयोजित किया गया था, **न कि नागासाकी में**। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जिसके सदस्य **कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम** और **संयुक्त राज्य अमेरिका** हैं। रूस को **2014 में क्रीमिया** पर कब्जा करने के बाद G8 से बाहर कर दिया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

हिरोशिमा में G7 शिखर सम्मेलन के बारे में कुछ अतिरिक्त विवरण इस प्रकार हैं:

- शिखर सम्मेलन 21 - 19 मई, 2023 तक आयोजित किया गया।
- G7 देशों के नेताओं ने यूक्रेन में युद्ध, वैश्विक अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन सहित कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिये सम्मेलन किया।
- शिखर सम्मेलन की मेज़बानी जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने की।
- शिखर सम्मेलन के अतिथि राष्ट्र **ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कोमोरोस, कुक आइलैंड्स, भारत, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, यूक्रेन** और **वियतनाम** थे।
- शिखर सम्मेलन, एक संयुक्त वार्ता के साथ संपन्न हुआ जिसमें G7 नेताओं ने यूक्रेन का समर्थन जारी रखने और दुनिया के सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिये मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

**67. हाल ही में चर्चा में रहा पर्सोना नॉन ग्राटा शब्द निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. कनाडा और चीन के बीच राजनयिक तनाव से
B. प्रवासियों के अधिकारों की रक्षा के एक सिद्धांत से
C. भारत और जापान के बीच एक नए व्यापार समझौते से
D. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शुरू की गई एक नई पहल से

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**पर्सोना नॉन ग्राटाः**

- **कनाडा और चीन** के बीच राजनयिक तनाव बढ़ता जा रहा है, इसके चलते राजनयिकों का निष्कासन किया गया है, कनाडा ने **एक चीनी राजनयिक को निष्कासित** कर दिया तो चीन ने कनाडाई राजनयिक को **पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया है। अतः विकल्प A सही है।**
- **पर्सोना नॉन ग्राटा की अवधारणा** की जड़ें **राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय** में पाई जाती हैं, जो वर्ष 1961 में हस्ताक्षरित एक संधि है, यह **देशों के बीच राजनयिक संबंधों को नियंत्रित** करती है। संधि के अनुच्छेद 9 के अनुसार, किसी देश को **"किसी भी समय और अपने निर्णय की व्याख्या किये बिना" राजनयिक स्टाफ के किसी भी सदस्य को पर्सोना नॉन ग्राटा** घोषित करने का अधिकार है। यह पदनाम राजनयिक महत्त्व रखता है और यह दर्शाता है कि वह अवांछित व्यक्ति है जिसकी देश में **उपस्थिति प्रतिबंधित** है।
- पर्सोना नॉन ग्राटा का उपयोग **केवल राजनयिकों तक ही सीमित नहीं** है। यह उन **विदेशी व्यक्तियों** पर भी लागू किया जा सकता है **जो राजनयिक मिशनों का हिस्सा नहीं हैं**, लेकिन जिनका **देश में** प्रवेश या उपस्थिति **अवांछनीय** मानी जाती है। वियना अभिसमय किसी देश को अन्य देशों के कार्यों के प्रति **असंतोष व्यक्त करने के साधन के रूप में** इस अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है। जबकि अभिसमय किसी व्यक्ति को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करने के लिये **विशिष्ट मानदंड स्थापित नहीं करता** है, ऐतिहासिक तौर पर इसका उपयोग **राजनयिक स्वीकृति या प्रतिशोध के रूप में** किया जाता है।

**68. निम्नलिखित कथनों के आधार पर भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध पर विचार कीजियेः**

1. दोनों देश I2U2 समूह के सदस्य हैं।
A. भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात I2U2 समूह के सदस्य हैं जिसमें भारत, इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत-संयुक्त अरब अमीरात वर्चुअल समिट के दौरान 18 फरवरी 2022 को भारत-संयुक्त अरब अमीरात CEPA पर हस्ताक्षर किये गए थे। समझौते के 1 मई 2022 से लागू होने की उम्मीद है।

- CEPA दोनों देशों के बीच व्यापार को प्रोत्साहित करने और सुधारने के लिये एक संस्थागत तंत्र प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**69. दोहा राजनीतिक घोषणा निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. सतत् विकास लक्ष्य प्राप्त करने के लिये सबसे कम विकसित देशों को फिर से मुख्यधारा में लाना

C. सऊदी अरब के साथ राजनयिक संबंधों को पुन: शुरू करने के लिये

D. अफगानिस्तान से अमेरिका के नेतृत्त्व वाली नाटो सेना की वापसी की सुविधा के लिये

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अल्प विकसित देश (LDCs) पर दोहा राजनीतिक घोषणा**

- विश्व के नेताओं द्वारा '**दोहा राजनीतिक घोषणा**' को अपनाने के साथ **अल्प विकसित देशों** (LDC5) पर **5वाँ संयुक्त राष्ट्र** सम्मेलन संपन्न हुआ।
- घोषणा कतर में **"संभावना से समृद्धि तक" विषय** के तहत आयोजित **LDC5 सम्मेलन के दूसरे भाग का एक महत्त्वपूर्ण परिणाम** है।
- **दोहा कार्ययोजना:**
  - यह **दोहा कार्ययोजना (Doha Programme of Action- DPoA)** को लागू करने पर केंद्रित है, जो **दुनिया के 46 सबसे कमज़ोर देशों के लिये सतत् विकास लक्ष्यों** (Sustainable Development Goals-SDG) को प्राप्त करने हेतु 10 वर्षीय योजना है।
  - DPoA (2022-2031) के छह केंद्रीय बिंदु:
    - गरीबी उन्मूलन
    - बहुआयामी कमज़ोरियों से लड़ने और सतत् विकास लक्ष्य हासिल करने के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की क्षमता का लाभ उठाना
    - जलवायु परिवर्तन से निपटना
    - पर्यावरणीय क्षरण
    - कोविड19- से उबरना और भविष्य के जोखिमों/आपदाओं के प्रति समझ को विकसित करते हुए सतत् विकास करना।

**70. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SCO एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।

A. SCO के सदस्य देशों में भारत और पाकिस्तान दोनों शामिल हैं।

A. SCO का मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के मध्य में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. केवल 1 तथा 2

B. केवल 2 तथा 3

C. केवल 1

D. 1, 2 तथा 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- SCO एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसे वर्ष 2001 में बनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- SCO एक अंतर-क्षेत्रीय अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है, जो सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्रों में अपने सदस्य देशों के मध्य सहयोग को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- SCO चार्टर वर्ष 2002 में हस्ताक्षरित किया गया था और वर्ष 2003 में लागू हुआ।
- भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। **अत: कथन 2 सही है।**

**71. 'IBSA समूह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण-दक्षिण सहयोग और विनिमय को बढ़ावा देने हेतु भारत, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के मध्य एक त्रिपक्षीय विकासात्मक पहल है।

A. ब्रासीलिया घोषणा के उपरांत समूह को औपचारिक रूप से IBSA संवाद फोरम नाम दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

C. केवल 2

C. 1 तथा 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- IBSA (भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका) दक्षिण-दक्षिण सहयोग और विनिमय (South-South Cooperation and Exchange) को बढ़ावा देने हेतु भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के मध्य एक त्रिपक्षीय विकासात्मक पहल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस समूह को औपचारिक रूप और IBSA संवाद मंच/फोरम का नाम उस दौरान दिया गया जब तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने 6 जून, 2003 को ब्रासीलिया (ब्राज़ील) में मुलाकात की और ब्रासीलिया घोषणा जारी किया। **अत: कथन 2 सही है।**